हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार 15 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 37 .0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

10 शिक्षा समाज की सबसे बड़ी ताकत : डॉ. मिड्ढा



10 लड़कों में त्रिपुरा, लड़कियों में राजस्थान की टीम चैंपियन



## खबर संक्षेप

### सैलजा आज करेंगी नरवाना मंडी का दौरा

**नरवाना।** पार्षद आशुतोष शर्मा ने बताया कि सिरसा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा बुधवार को नरवाना विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगी। मंडी में फसल खरीद व्यवस्था का जायजा लेंगी और किसान मजदूर से मुलाकात भी करेंगी। इस दौरान सांसद कुमारी सैलजा अपनी समस्याओं को लेकर धरने पर बैठे किसानों और मजदूरों से मुलाकात भी करेंगी। बताया कि सैलजा बुधवार दोपहर 2 बजे नरवाना की मेला अनाज मंडी पहुंचेंगी।

### दो बाइको की भिड़त में एक चालक की मौत

**जींद।** गांव खरकरामजी के निकट मंगलवार को ग्रीन फिल्ड नेशनल हाईवे पर दो बाइको के बीच हुई भिड़त मे एक बाइक सवार की मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकात पर दूसरे बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव धडौली निवासी जयपाल 40 मंगलवार को सुबह गांव से ग्रीन फिल्ड नेशनल हाईवे से बाइक पर सवार होकर शहर मे आ रहा था। गांव खरकरामजी के निकट रांग साइड से आ रहे रेहड़ी जुड़े बाइक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी।

### कार से नौ पेटी शराब बरामद, चालक काबू

**जीद।** डिटेक्टिव स्टाफ ने रोहतक रोड बाईपास के निकट एक कार से नौ पेटी शराब बरामद की है। शहर थाना पुलिस ने कार चालक के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि बिशनपुरा की तरफ से सफेद रंग की गाड़ी से शराब को तस्करी कर शहर की तरफ लाया जा रहा है। जिसके आधार पर पुलिस रोहतक रोड पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ देर बाद बाईपास की तरफ से सफेद रंग की कार आई। कर्मियो ने कार को रूकवा कर तलाशी ली तो नौ पेटी देशी तथा अग्रेजी शराब बरामद हुई।

### संदिग्ध हालात में दो युवती लापता, केस

**जींद।** जिले मे अलग अलग स्थानो से दो युवतियो के गायब हो होने पर सबधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगो के खिलाफ मामले दर्ज किए है। पुलिस मामलो की जांच कर रही है। गांव सुदकैन कला निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि गत दिवस उसकी बेटी सुबह घर से गायब हो गई। वही गांव करसोला निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि बीती रात उसकी भतीजी घर से गायब हो गई। दोनो अभिभावको ने तलाशा, लेकिन उनका को कोई सुराग नही लगा।

### सैनीपुरा मौहल्ला में घर से नकदी और फोन चोरी

**जींद।** सैनीपुरा मौहल्ला में बीती रात चोरो ने एक मकान में घुसकर नकदी तथा मोबाइल फोन को चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सैनीपुरा मौहल्ला निवासी सुरेद्र ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि बीती देर उन्हे मकान मे किसी व्यक्ति के घुसने का अहसास हुआ। जब उन्होने उठ कर शोर मचाया तो आरोपित दिवार फांदकर फरार हो गया। जब उन्होने घर को संभाला तो मोबाइल फोन तथा बीस हजार रुपये की नकदी गायब थी।

### सूने घर से लाखों के जेवर उड़ा ले गए चोर

**जींद।** भूपेंद्र नगर निवासी एडवोकेट अनिल कुमार परिवार के साथ कैंची धाम दर्शनों के लिए गए थे। पीछे से अज्ञात लोगों ने उनके घर में चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। चोर यहां से दो हजार रुपये की नकदी व लाखों रुपये के जेवरात चोरी कर ले गए। शहर थाना पुलिस ने एडवोकेट की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में एडवोकेट अनिल कुमार ने कहा कि वह भूपेंद्र नगर में किराए के मकान में रहता है।

### डिप्टी स्पीकर ने नई अनाज मंडी में गेहूं खरीद का जायजा लिया, लिफ्टिंग कम पर अधिकारियों को लगाई फटकार

# वेयर हाउस मैनेजर का धमतान साहिब तबादला

### मंडियों में 5.41 लाख की आवक, केवल सात हजार मीट्रिक टन का उठान

**जुलाना अनाजमंडी में गेहूं लेकर पहुंची 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डिप्टी स्पीकर डॉ कृष्ण लाल मिढ़ा मंगलवार को नई अनाज मंडी में पहुंचे और गेहूं खरीद का जायजा लिया। लिफ्टिंग कम होने के चलते डिप्टी स्पीकर ने वेयरहाउस अधिकारियों को फटकार भी लगाई, वहीं वेयरहाउस के मैनेजर का तबादला भी कर दिया गया है। जिले की अनाजमंडियों में गेहूं की आवक बढ़ती जा रही है। अब तक जिले में 5.41 लाख मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है। आवक के मुकाबले उठान बहुत कम हुआ है। अब तक केवल सात हजार मीट्रिक टन का ही उठान हुआ है। जिले की अनाजमंडियां गेहूं से अटी पड़ी हैं। वहीं जुलाना में पोली गांव निवासी एक 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला मेगल गेहूं लेकर मंडी पहुंची। महिला ने आरोप लगाए कि सरकार ने उनको परेशान कर दिया है। अब महिलाओं को भी अनाजमंडियों में आना पड़ रहा है। जिले में कुल एक लाख 26 हजार 928 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। इसमें खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 35 हजार 448 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 55 हजार 185 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा 36 हजार 295 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया है। मंडीवार आंकड़ों के अनुसार उचाना मंडी में 30 हजार 016 मीट्रिक टन, पिल्लुखेड़ा में 12 हजार 100 मीट्रिक टन, जींद में 21 हजार 098 मीट्रिक टन, अलेवा में 10 हजार 065 मीट्रिक टन, सफीदों में 7 हजार 041 मीट्रिक टन, जुलाना में 9 हजार 576 मीट्रिक टन तथा नरवाना में 8 हजार 672 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिढ़ा ने मंगलवार को अनाजमंडी का दौरा किया। उन्होंने उठान नहीं होने पर अधिकारियों को फटकार लगाई। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि तुम्हारी वजह से ही सरकार की बेइज्जती हो रही है। सरकार किसानों के लिए अनेक कार्य कर रही है, लेकिन अधिकारी काम नहीं कर रहे हैं। डिप्टी स्पीकर ने प्रतिदिन शाम को उठान की रिपोर्ट उनको देने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि यदि मंडी से उठान कार्य में तेजी नहीं आई तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जींद अनाजमंडी में वेयर हाउस मैनेजर सुनील कुमार का जींद से धमतान साहिब की अनाजमंडी में तबादला कर दिया है। पिछले दिनों आढ़ती एसोसिएशन ने डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिढ़ा व कृषिमंत्री श्याम सिंह राणा से सुनील की शिकायत की थी। आढ़तियों ने आरोप लगाया कि सुनील कुमार ने जो नमी मापने का यंत्र प्रयोग किया था, वह गलत दिखा रहा था। इस कारण काफी किसानों की गेहूं की फसल में नमी अधिक पाई गई। अनाजमंडी में किसानों ने काली पट्टी बांधकर धरना दिया। किसानों का धरना मंडी में गेहूं बेचने को लेकर बनाए गए नए नियमों के विरोध में चल रहा है। भाकियू प्रवक्ता रामराजी ढुल ने कहा कि जब तक सरकार इन नियमों को वापस नहीं ले लेती, तब तक उनका धरना जारी रहेगा। ढुल ने आरोप लगाए कि सरकार जान बूझकर किसानों को परेशान कर रही है। अब महिलाओं को भी मजबूरी में अनाजमंडी में गेहूं लेकर आना पड़ रहा है। ऐसे में अब महिलाएं घर का काम करेंगी या फिर अनाजमंडियों में चक्कर काटेंगी। सरकार चाहती है किसी भी तरीके से किसान को परेशान किया जाए, इसलिए यह सब किया जा रहा है।



जींद। नई अनाजमंडी जींद में काली पटटी बांधकर धरना देते किसान।

#### मजबूरी में आना पड़ रहाः महिला

गांव पोली निवासी 80 वर्षीय महिला मेगल जुलाना की अनाजमंडी में गेहूं लेकर पहुंची। वह ट्रैक्टर चालक के साथ बैठी थी। जब उनसे पूछा गया कि वह अनाजमंडी में गेहूं लेकर क्यों आई है तो इस पर महिला ने कहा कि सरकार ने किसानों को परेशान कर दिया है। कभी गेट पास के नाम पर तो कभी अंगूठा लगाने के नाम पर। जमीन उसके नाम है। इसलिए उसका ही बायोमैट्रिक के लिए अंगूठा लगेगा। महिला ने कहा कि अब महिलाओं को मजबूरी में ही अनाजमंडी में आना पड़ रहा है।



जींद। डिप्टी स्पीकर डॉ कृष्ण लाल मिढ़ा अधिकारियों को फटकार लगाते हुए।

#### काली पट्टी बांधकर दिया धरना

अनाजमंडी में किसानों ने काली पट्टी बांधकर धरना दिया। किसानों का धरना मंडी में गेहूं बेचने को लेकर बनाए गए नए नियमों के विरोध में चल रहा है। भाकियू प्रवक्ता रामराजी ढुल ने कहा कि जब तक सरकार इन नियमों को वापस नहीं ले लेती, तब तक उनका धरना जारी रहेगा। ढुल ने आरोप लगाए कि सरकार जान बूझकर किसानों को परेशान कर रही है। अब महिलाओं को भी मजबूरी में अनाजमंडी में गेहूं लेकर आना पड़ रहा है। ऐसे में अब महिलाएं घर का काम करेंगी या फिर अनाजमंडियों में चक्कर काटेंगी।



जींद। नई अनाजमंडी जुलाना में गेहूं बेचने पहुंची 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला।

#### किसानों और आढ़तियों ने मनाई काली बैसाखी

जुलाना की नई अनाज मंडी में किसानों और आढ़तियों ने सरकार द्वारा लागू किए गए नए नियमों के विरोध में काली बैसाखी मनाई। इस दौरान किसानों और आढ़तियों ने बाजू पर काली पट्टी बांधकर अपना रोष जताया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।किसानों का कहना है कि नए नियमों के चलते उन्हें फसल बेचने में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रधान नरेंद्र ढ़ांडा ने बताया कि मंडियों में लागू की गई नई व्यवस्था के कारण उन्हें लंबे समय तक इंतजार करना पड़ रहा है। खासकर बायोमेट्रिक प्रक्रिया और ऑनलाइन सिस्टम में आ रही दिक्कतों के कारण खरीद प्रक्रिया धीमी हो गई है। इससे किसानों की समय और मेहनत दोनों की बर्बादी हो रही है। आढ़ती एसो के प्रधान पवन करसोला, विरेंद्र आर्य, किसान नेता नरेश ढ़ांडा, जयपाल, पूर्व सरपंच कुलवंत लाठर आदि मौजूद रहे।

## कैथलः नशा तस्करी का आरोपी 10 किलोग्राम चूरा पोस्त सहित पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एंटी नारकोटिक सेल कैथल ने एक ट्रक चालक को 10 किलो चूरा पोस्त सहित गिरफ्तार किया है। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई प्रदीप की अगुवाई में एएसआई राजेश की टीम गश्त के दौरान कलायत क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि सिरटा निवासी नजीर ट्रक नंबर HR56A8627 में केले की आड़ में भारी मात्रा में चूरापोस्त लेकर मटौर व चौशाला रोड के बीच कलायत बाईपास पर खड़ा है। सूचना पर पुलिस टीम ने तुरंत रेडिंग पार्टी का गठन कर उक्त स्थान पर दबिश दी। मौके पर पहुंचने पर एक व्यक्ति ट्रक में बैठा मिला, जो पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे काबू कर लिया। जिसकी पहचान नजीर निवासी गांव सिरटा के रूप हुई।

#### जिले को नशा मुक्त बनाना उद्देश्य

डीएसपी ने बताया कि कैथल पुलिस नशा तस्करों व अवैध शराब तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। पिछले सवा महीने में नशा तस्करी के 13 मामलो में 16 आरोपी काबू कर 1 किलो 83 ग्राम अफीम, 421 ग्राम चरस, करीब 16 किलो 300 ग्राम चुरापोस्त, करीब 75 ग्राम हेरोइन, करीब 2 किलो गांजा, 15 किलो 130 अफीम फसल बरामद की गई है। इसके साथ साथ शराब तस्करी 71 मामलो में 69 आरोपी काबू करके 650 बोतल देशी शराब, 1138 बोतल हथकढी शराब तथा 7866 लीटर लाहण बरामद किया गया है। किसी भी नशा व शराब तस्कर को छोड़ा नहीं जाएगा, पुलिस का उद्देश्य कैथल जिला को नशा मुक्त बनाना है।

## ब्यूटी पार्लर संचालिका को नशीला पदार्थ देकर महिला ले उड़ी जेवरात तथा नकदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कृष्णा कालोनी मे ब्यूटी पार्लर संचालिका को एक महिला पानी मे नशीला पदार्थ पिला सोने के जेवर नकदी लेकर फरार हो गई। वारदात को अंजाम देने वाली महिला आसपास लेगे कैमरो मे कैद हो गई। शहर थाना पुलिस ने ब्यूटी पार्लर संचालिका के भांजे की शिकायत पर अज्ञात महिला के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय सहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कृष्णा कालोनी निवासी सोनिया ने ब्यूटी पार्लर खोला हुआ है। सोनिया दोपहर को अपने ब्यूटी पार्लर में थी। उसी दौरान एक महिला ब्यूटी पार्लर में आई। जिसने सोनिया को बातों मे उलझा लिया। फिर खुद पानी पीने के साथ सोनिया को भी पीने के लिए दे दिया। जिसके बाद सोनिया चेतना खो बैठी। जिसका फायदा उठा कर महिला ने मंगलसूत्र, कानो की बाली, सोने की अंगूठी,दो हजार रुपये की नगदी लेकर फरार हो गई। परिजनो को घटना का उस समय पता चला जब सोनिया दोपहर घर नही आई। जब परिजन ब्यूटी पार्लर मे पहुंचे तो वह अचेतन अवस्था मे थी। घटना की सूचना पाकर शहर थाना पुलिस मौके पर पहुच गई और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो की फूटेज को खंगाला। जिसमें हाथ मे थैला उठाए महिला जाते हुए दिखाई दी। शहर थाना पुलिस ने सोनिया के भांजे की शिकायत पर अज्ञात महिला के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय सहिता के तहत मामला दर्ज कर किया है।



नशीला पदार्थ पिलाकर जेवरात लुटने वाली महिला का फोटो।

#### संदिग्ध व्यक्ति को घर में न घुसने दें

शहर थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि अज्ञात महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। महिला की वीडियो भी मिली है। जिसे पहचान के लिए वायरल किया गया। उन्होने लोगो से अपील की किसी संदिग्ध व्यक्ति को घर में न घुसने दे।



पूंडरी। अनाज मंडी में गेंहू लोड करवाते आढ़ती। फोटो :हरिभूमि

### पूंडरीः अनाज मंड़ी में 3 लाख कट्टे गेहूं खुले में पड़ा

पूंडरी। पूंडरी की अनाज मंडी में इन दिनों अव्यवस्था का माहौल बना हुआ है। लाखों कट्टे गेंहू ढेरियों के रूप में खुले में पड़े हुए है। जिससे आढ़तियों को भी हर समय गेंहु चोरी व मौसम खराब होने का भय बना रहता है। साइलो गोदाम सोलुमाजरा में गेहूं की खरीद समय पर शुरू न होने के कारण किसानों और आढ़तियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि पूंडरी की दोनों अनाज मंडियों में करीब 3 लाख कट्टे गेहूं खुले में पड़े हुए हैं। जानकारी के अनुसार, साइलो गोदाम से लिंक होने के कारण पूंडरी मंडी में बोरी (बारदाना) की आपूर्ति नहीं की जा रही है। इसी के चलते पहले से मंडी में पहुंची गेहूं की फसल को अब साइलो गोदाम सोलूमाजरा भेजना मजबूरी बन गया है। लेकिन खरीद में देरी के कारण आढ़तियों और किसानों को अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है।

## बात्ता में 20 एकड़ गेहूं की फसल राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

गांव बात्ता के ब्राह्मणी वाला रोड पर मंगलवार को अचानक खड़ी गेहूं की फसल में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आसपास खड़ी फसल को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में 20 एकड़ से अधिक क्षेत्र में खड़ी गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई। जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। प्रभावित किसानों में सुखा, साहब सिंह, जस्सू सहित कई अन्य किसान शामिल हैं। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि जिन किसानों को नुकसान हुआ है वे उनके परिवार से हैं। फसल पूरी तरह तैयार थी। कटाई की तैयारी थी। आग लगने से उनकी साल भर की मेहनत पर पानी फिर गया। आग का कारण खेतों के ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन में शॉर्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। इससे चिंगारी गिरते ही सूखी फसल ने आग पकड़ ली। आग लगते ही आसपास के किसानों और ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया। तेज हवा व आग के तेज रूप के कारण यह काबू से बाहर रही। घटना की सूचना तुरंत दमकल विभाग को दी गई। उपरांत मौके पर दो फायर ब्रिगेड गाड़ी की टीम के साथ पहुंची। किसानों व दमकल टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना के बाद किसानों में रोष भी देखा गया। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि नुकसान का उचित मुआवजा दिया जाए। बिजली निगम की लापरवाही की जांच हो। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते बिजली लाइनों की मरम्मत की जाती तो इस तरह की घटना से बचा जा सकता था।






जींद। बाइक चोरों को काबू करती पुलिस व बरामद की बाइक।

## बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ 11 मोटरसाइकिल बरामद की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एवीटी पुलिस स्टाफ ने बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते तीन सदस्यो को काबू कर उनके कब्जे से 11 चोरीशुदा बाइक एक गोदाम से बरामद की है। गिरोह भीड़ भाड़ वाले इलाके बाइक चोरी की वारदातो को अंजाम देते थे। पुलिस आरोपितो से पूछताछ कर रही है। अर्बन इस्टेट निवासी प्रलाहद ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया था कि उसने अपनी बाइक को नये बस अडडे पर खडा किया हुआ था। जब वह वापस लौटा तो बाइक गायब मिली। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार चोरी का मामला दर्ज कर लिया था। जिसकी जांच एवीटी स्टाफ को सौपी गई थी। एवीटी स्टाफ ने सीसीटीवी कैमरो तथा अन्य तकनीकी प्रयोग किया और बाइक चोरो तक पहुच गई। शिनाख्त होने के बाद सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए तीनो को चोरी शुदा बाइक के साथ काबू कर लिया। पुलिस पूछताछ मे आरोपितो की पहचान गांव किशनपुरा निवासी अमन भटनागर कालोनी निवासी कार्तिक तथा सौरव के रूप मे हुई। पुलिस पूछताछ मे आरोपितो ने स्वीकार किया की उन्होने दर्जनभर बाइक चोरी की वारदातो को अंजाम दिया हुआ है। पुलिस आरोपितो निशान देही पर एक गोदाम से 11चोरी शुदा बाइको को बरामद कर लिया। आरोपितो ने स्वीकार किया कि वे भीड़ भाड़ वाले इलाको से बाइक चुराते थे। उन्होने ज्यादातार बाइके नया बस अड्डा, नागरिक हस्पताल, कोर्ट परिसर व शहर मे अन्य स्थानो से चोरी किया था।

#### तीन आरोपी दबोचे

एवीटी स्टाफ प्रभारी यशवीर ने बताया कि गिरोह कई दिनो से सक्रिय था। तीन आरोपितो को काबू कर उनके कब्जे से 11 बाइक बरामद की है। आरोपित से अन्य वारदातो के बारे मे पूछताछ की जा रही है।

### पेट्रोल पंप बनने के कारण जाम की समस्या से भी मिलेगा छुटकारा

## बस स्टैंड परिसर में लगेगा पेट्रोल पंप, होगी इंधन की बचत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बस स्टैंड परिसर में पेट्रोल पंप लगेगा, जिससे रोडवेज बसों में डीजल भरा जाएगा। अभी जींद उपकेंद्र की बस पुलिस लाइन स्थित पेट्रोल पंप से अनुबंध आधार पर डीजल ले रही हैं। अभी आइओसीएल (इंडियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड) द्वारा पंप लगाया जाएगा और जगह रोडवेज द्वारा मुहैया करवाई गई है। इसके अलावा बसों की धुलाई के लिए वर्कशाप परिसर में वाशिंग डग बनवाए जाने को लेकर भी मुख्यालय प्रपोजल भेजा हुआ है। मुख्यालय से अनुमति मिलने के बाद वाशिंग डग को लेकर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अभी बसों की वाशिंग के लिए वर्कशाप में अस्थाई तौर पर डग बनाया हुआ है। जींद डिपो में नरवाना व सफीदों उपकेंद्र भी आते हैं। नरवाना उपकेंद्र की बस भी बस स्टैंड के पास स्थित एक पेट्रोल पंप से डीजल भरवाती हैं, जबकि सफीदों उपकेंद्र में बस वर्कशाप में स्थित पंप से ही डीजल भरवाती हैं। जींद डिपो में लगभग 165 बस हैं, जिसमें से किलोमीटर स्कीम की 37 बस हैं। 165 बस में से जींद उपकेंद्र में 100 से ज्यादा और नरवाना व सफीदों उपकेंद्र में 30-30 बस हैं। एक बस में आमतौर पर लगभग 150 लीटर डीजल की खपत होती है। नए बस स्टैंड से अभी बसों को पुलिस लाइन के पास स्थित पेट्रोल पंपर पर डीजल भरवाने आना पड़ता है। बस स्टैंड से पंप की दूरी लगभग डेढ़ किलोमीटर है। ऐसे बसों को डीजल भरवाने के लिए लगभग तीन किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ता है, जिससे समय और डीजल की खपत ज्यादा होती है। इससे यात्रियों को भी बेहतर परिवहन सुविधा मिल सकेगी। वहीं बसों के पेट्रोल पंपों पर जाने के कारण जाम गोहाना रोड पर कई बार जाम की स्थित हो जाती है। वर्कशाप में पंप बनने से बसों का शहर के अंदर आना-जाना कम होगा और ट्रैफिक दबाव में भी कमी आएगी। अतिरिक्त दूरी कम होने से ईंधन की बचत होगी, जिससे विभाग के खर्च में कमी आएगी। साथ ही बसों का शेड्यूल बेहतर तरीके से संचालित किया जा सकेगा।



#### जल्द पंप के लिए कार्य शुरू होगा

रोडवेज महाप्रबंधक राहुल जैन ने बताया कि वर्कशाप में जल्द ही पंप के लिए कार्य शुरू किया जाएगा। जल्द ही निर्माण प्रक्रिया शुरू होने की संभावना है। बसों का इसका सीधा फायदा होगा। 1बसों को शहर में ईंधन भरवाने नहीं जाना पड़ेगा। वर्कशाप में पंप बनने से शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा। बसों को अब पेट्रोल पंपों पर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, जिससे वहां भीड़ कम होगी। मुख्य सडकों और बाजार क्षेत्रों में जाम की स्थिति घटेगी।

**खबर संक्षेप**

### 16 से जनगणना की स्व गणना सुविधा : डीसी

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि आगामी जनगणना 2027 के पहले चरण में नागरिक स्वयं भी अपनी जनगणना कर सकेंगे। यह नई सुविधा 16 अप्रैल से शुरू होगी और 30 अप्रैल तक चलेगी, जिसके तहत आमजन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार का विवरण भर सकेंगे। उन्होंने बताया कि यह पोर्टल घर-घर जाकर जनगणना शुरू होने से पहले लगभग 15 दिनों के लिए खुला रहेगा। इस दौरान नागरिक अपने मोबाइल नंबर से लॉग इन कर निर्धारित 33 प्रश्नों के उत्तर भर सकते हैं।

### पड़ोसी ने घर में घुस कर किया युवती से दुष्कर्म

**जींद।** सदर थाना इलाका गांव मे घर मे घुस कर नाबालिग लडकी के साथ दुष्कर्म करने तथा अश्लील वीडियो बनाने का मामला सामने आया है। महिला थाना पुलिस ने पीडिता की मां की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म करने ब्लैकमेल करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय सहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना इलाका गांव की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि गत दिवस वह परिवार समेत बाहर गई हुई थी। घर मे उसकी 16 वर्षीय बेटी अकेली थी। दोपहर को उनका पड़ोसी राजेश घर मे घुस आया और उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया।

### पांच दिवसीय फलाहार स्वास्थ्य शिविर 22 से

**नरवाना।** ब्रह्मा कुमारीज द्वारा नरवाना क्लब में पांच दिवसीय निशुल्क फलाहार उपचार स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर 22 अप्रैल से 26 अप्रैल तक हर रोज सुबह 9 से शाम 4 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम संयोजक बीके सीमा बहन ने बताया कि शिविर में रोहतक से हेल्थ कोच बीके तिलकराज मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत करेंगे। इसमें हरियाणा, दिल्ली, गुरुग्राम, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ आदि प्रदेशों के प्रतिभागी भी भाग लेंगे। आसपास के क्षेत्र के लोगों से आह्वान किया कि फलों सब्जियों के अधिकाधिक प्रयोग द्वारा स्वस्थ निरोगी जीवन जीना चाहते हैं तो शिविर में बढ़चढ़ कर भाग लेकर नई फलाहार विधि को जीवन में अपनाकर देखें।

### किसान परिवार की हर संभव मदद की जाएगी : सुरेंद्र

**उचाना।** बीते दिनों अज्ञात कारणों से सुरबरा गांव में सवा एकड़ के करीब में खड़ी गेहूं की फसल में आग लगने से गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने सुरबरा गांव में नरेश के निवास पर पहुंच कर परिवार से मुलाकात की। हर संभव मदद विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री एवं प्रशासन की तरफ से मुहैय्या करवाने का आश्वासन दिया। 11 अप्रैल को नचार खेड़ा रोड से कच्चे रास्ते पर नरेश के खेत में आग लगने से सवा एकड़ के करीब में खड़ी गेहूं की फसल राख हो गई।

### जींद में मच्छरों का बढ़ता जा रहा है लगातार प्रकोप

**जींद।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष एवं प्रमुख समाजसेवी राजकुमार गोयल ने कहा कि जींद जिले में गर्मी का मौसम शुरू होने के साथ ही मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है जिससे आम नागरिक बेहद परेशान हैं। जिला प्रशासन से मांग की है कि पूरे जिले में तुरंत प्रभाव से फोगिंग करवाई जाए व दवाई का नियमित छिडक़ाव सुनिश्चित किया जाए। गोयल ने कहा कि जींद के सभी 31 वार्डों के साथ जिले के सभी गांवों में भी व्यापक स्तर पर फोगिंग अभियान चलाया जाना चाहिए।

### किसान दस रुपये में खा रहे भर पेट खाना

**उचाना।** गेहूं के सीजन को देखते हुए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के आदेश के बाद हाइवे स्थित अतिरिक्त मंडी में गेट के पास किसान, मजदूरों के लिए अटल कैंटिन शुरू की है। एसडीएम रमित यादव ने कैंटिन का जायजा लेने के साथ जो यहां पर खाना बनता है उसका स्वाद भी चखा। एसडीएम ने कहा कि अटल किसान मजदूर कैंटीन में मात्र 10 रुपये में पौष्टिक और स्वादिष्ट थाली उपलब्ध हो रही है। इसमें दाल, चावल, रोटी, सब्जी शामिल है।

## जिलेभर में भारत रत्न बाबा साहेब की 135वीं जयंती श्रद्धा से मनाई

# शिक्षा समाज की सबसे बड़ी ताकत : डॉ. मिड्ढा

### डॉ. भीमराव आंबेडकर के दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान

**वक्ताओं ने बाबा साहेब की महिमा का किया गुणगान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिलेभर में सोमवार को बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती श्रद्धा से मनाई गई। शहर के गणमान्य लोगों ने रानी तालाब स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर भंडारे का भी आयोजन किया गया। डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीम राव आंबेडकर ने उस दौर में शिक्षा की अलख जगाई, जब वंचित वर्गों को पढने के अवसर नहीं मिलते थे। कहा कि आज पूरा देश बाबा साहब द्वारा रचित संविधान के अनुसार चल रहा है, जो उनकी दूरदर्शिता और महान चिंतन का प्रतीक है। डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा मंगलवार को रानी तालाब पर सर्वसमाज द्वारा मनाई गई बाबा साहब डॉ भीम राव आंबेडकर जयंती पर जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि समाज द्वारा ऐसी महान विभूति को कभी नहीं भूलना चाहिए, जिन्होंने हमें संवैधानिक सिद्धांतों पर जीना सिखाया। इस अवसर पर राजेंद्र इंदौरा, बलवंत सिंहमार, मनोनीत पार्षद राममेहर, संजय गांधी, विनोद चोपड़ा, सुखबीर कुकी, रामफल बामणिया, वेद पांचाल, संजय फौजी सहित समाज के गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। कांग्रेस के जिला प्रधान ऋषिपाल हैबतपुर ने कहा कि हमें बाबा भीम राव अम्बेडकर के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने समाज के हर वर्ग को समान अधिकार दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उनके द्वारा बनाए गए संविधान ने देश के प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार प्रदान किया, जो आज भी लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। इस मौके पर संगठन महासचिव पवन दुहन,जिला उपाध्यक्ष राजू लखिना,राजेश पहलवान प्रधान,ओम प्रकाश ढांडा,कमल चौहान, कोषाध्यक्ष ईशाक भट्टी, विजय मोर, सचिव बंसीलाल गोहियाँ, सुल्तान खटक, सुरेश रेढ़ू, राज कुमारी श्योरान,सुखीराम धरोदी,बिल्लर, शिवा चौहान, मदन धनवाल, गजराज मेहरा आदि भी मौजूद रहे। इनेलो जिलाध्यक्ष विजेन्द्र रेढ़ू, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी वेदसिंह मुंडे, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक रामेश्वर पहलवान, राष्ट्रीय महासचिव सुमित्रा देवी, बैकवर्ड जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक जयकुमार पवार, प्रदेश महासचिव प्रदीप गिल, हल्का प्रधान पप्पू रेढ़ू, प्रो. बलवान पेगा, जयनारायण जिलेदार, लालसिंह बीबीपुर, शमशेर तलोडा, जेपी दहिया, सुखबीर ढुल, मा. कर्मबीर, प्रियव्रत पुनिया ने रानी तालाब स्थित अंबेडकर चौक पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। बाबा साहब अंबेडकर जो की बहुत ही ज्यादा पढ़े-लिखे और हिंदुस्तान के उच्च उच्च शिक्षित एवं अनुभवी व्यक्ति थे।


बाबा भीमराव आंबेडकर जयंती पर डिप्टी स्पीकर कृष्ण लाल मिढ़ा का स्वागत करते लोग।


बाबा भीमराव आंबेडकर की जयंती पर पुष्पअर्पित करते कांग्रेसी कार्यकर्ता।


बाबा भीमराव आंबेडकर की जयंती पर पुष्पअर्पित करते इनेलो कार्यकर्ता।


जींद। बाबा भीमराव आंबेडकर की जयंती पर किया हवन यज्ञ। फोटो :हरिभूमि

### बाबा साहेब के विचारों को अपनाने का आह्वान किया



**नरवाना।** भारतीय संविधान निर्माता एवं सामाजिक समरसता के प्रतीक भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर नरवाना के अंबेडकर भवन में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रधान डॉ. वीरेंद्र चोपड़ा ने किया। गणमान्य लोगों एवं नागरिकों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पमालाएं अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने संबोधन में डॉ. अंबेडकर के संविधान निर्माण सामाजिक न्याय और समानता के लिए किए गए संघर्ष को याद करते उनके विचारों को अपनाने का आह्वान किया। वरिष्ठ उप प्रधान फूल कुमार दरोगा, प्रो जगदीश, सतबीर थानेदार, कश्मीर हँसडेर, अमित मुवाल, महावीर धनिया, विरभान पूर्व प्रधान, एडवोकेट गजे सिंह सरोहा, अभेराम ,रोशन लाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति समाजसेवी एवं आमजन उपस्थित रहे।

### बाबा साहेब की जयंती पर किया हवन

न्यू प्रगति सीनियर सेकेंडरी स्कूल डाहौला में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य अजीत कुमार आर्य सहित समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत हवन पूजन के साथ हुई, जिसमें सभी ने समाज में समानता, शिक्षा और मानवता के मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा अंबेडकर जयंती के महत्व पर विचार प्रस्तुत किए गए। प्रधानाचार्य अजीत कुमार आर्य ने संबोधन में डॉ. अंबेडकर के जीवन एवं उनके योगदान पर प्रकाश डालते विद्यार्थियों को उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया।

### बाबा साहेब की याद में पौधरोपण

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद में कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी के कुशल मार्गदर्शन में महात्मा ज्योतिबा फुले एवं डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन पौधरोपण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी के साथ डॉ. अजमेर सिंह, डॉ. नरेश देसवाल, डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. अतुल सहारण, डॉ. वीरेंद्र आचार्य, डॉ. अनिल कुमार, सुरेश कुमार (पी.एस. टू वीसी) तथा सुरेंद्र खर्ब सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने विवि परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी ने महात्मा ज्योतिबा फुले एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर के महान विचारों को स्मरण करते हुए कहा कि इन महापुरुषों ने समाज में समानता, शिक्षा, सामाजिक न्याय और जागरूकता का जो प्रकाश फैलाया, वह आज भी हमारे लिए मार्गदर्शक है।


कार्यक्रम में पहुंची भीड़ का अभिवादन स्वीकार करते सुषमा अत्री एवं कार्यक्रम आयोजक।

### शिक्षित युवा ही विकसित भारत की नींव : सुषमा अत्री

**उचाना।** दाड़न खाप के पालवां चबूतरे पर हरियाणा वाल्मीकि महासभा एवं भगवान वाल्मीकि भवन एवं छात्रावास निर्माण कमेटी द्वारा संयुक्त रूप से डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर सम्मान समारोह का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के तौर विधायक देवेंद्र अत्री की पत्नी सुषमा अत्री पहुंची। सुषमा अत्री ने हरियाणा वाल्मीकि महासभा के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के प्रति अलख जगाना और मेधावी युवाओं को सम्मानित करना समाज को नई दिशा देने वाला कार्य है। शिक्षित युवा ही विकसित भारत की नींव हैं। डॉ. भीमराव अंबेडकर के दिखाए रास्ते पर हमें चलना चाहिए। शिक्षा मनुष्य के जीवन को बदल देती है। शिक्षा से युवा अपने हर सपने को पूरा कर सकते है। इस तरह के आयोजनों से युवाओं को प्रेरणा मिलती है उनका हौंसला बढ़ता है। सत्यवान ढिलौड़ ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक करना और डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचारों को घर-घर तक पहुंचाना है। जिला प्रधान संजीव वैद बधाना, सरपंच ओमप्रकाश आदि मौजूद थे।

## आईटीआई जींद में मनाई बाबा भीम राव आंबेडकर की जयंती

**जींद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जींद में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाई । कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के प्रांगण में किया , जिसमें संस्थान के प्रधानाचार्य, अधिकारीगण, प्रशिक्षकगण तथा प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ताओं में मंगल सिंह गिल, सुरेंद्र खटकड़, नरेंद्र अपने संबोधन में डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्ष, उनके महान योगदान तथा भारतीय संविधान के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उनके बताए मार्ग पर चलने तथा उनकी शिक्षा को अपनाने और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। मंच का संचालन श्री सुरेंद्र रेढ़ू द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विचार प्रस्तुत किए गए, जिनमें डॉ. अंबेडकर के आदर्शों और समाज सुधार के लिए उनके प्रयासों का वर्णन किया गया। तत्पश्चात एक पदयात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नरेश कुमार पांचाल का विशेष मार्गदर्शन रहा।

## मालवी में भारत रत्न को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


भाजपा जिला महामंत्री पुष्पा तायल बाबा भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को पुष्प अर्पित करते हुए।

जुलाना विधानसभा के गांव मालवी में भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को याद किया गया। गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर भाजपा की जिला महामंत्री डॉ पुष्पा तायल पहुंची। कार्यकर्ताओं ने डा. भीमराव आंबेडकर की 137वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यकर्ताओं द्वारा उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए गए व बाबा साहब अमर रहे के नारे भी लगाए गए। इसके उपरांत कार्यकर्ताओं द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। इस मौके पर जिला महामंत्री पुष्पा तायल ने कहा कि एक बाबा साहब ही ऐसे समाज सुधारक थे जिन्होंने महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाया,गरीबों का उत्थान किस प्रकार हो,किस प्रकार वो समाज की मुख्यधारा से जुड़े, समाज में छुआछूत किस प्रकार खत्म हो,किस प्रकार गरीब से गरीब व्यक्ति को पेट भर खाना,पहनने के लिए कपड़ा,इलाज की सुविधा व रहने के लिए छत मिले, इन सब बातों की चिंता की। इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष विकाश ब्राह्मणवास, जुलाना मंडल के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, गतौली मंडल के अध्यक्ष रवि आर्य,जुलाना मंडल महामंत्री विकास काजल,वकील संग्राम सिंह,अंतिमा भारद्वाज,अमित सैनी,वरिष्ठ भाजपा नेता पतराम तायल,मंगतराम , सुमित वाल्मीकि, रिंकू, जुलाना नपा कार्यकारी चेयरमैन पवन सैनी, नगर पार्षद संदीप तायल आदि मौजूद रहे।

## भाजपा ने सुविधा की बजाय जनता को लगाया लाइनों में : विकास सिहाग

■ बुक करवाने के बाद भी गैस सिलेंडर नहीं मिल रहे लोगों को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जननायक जनता पार्टी के प्रदेश युवा महासचिव विकास सिहाग ने कहा कि बताया कि प्रदेश की बीजेपी सरकार जनता को लाइनों में लगाने पर तुली हुई है। उन्होंने कहा कि कभी नोटबंदी में बैंकों में लाइनों में लगती है कभी खाद बीज के लिए किसानों को लाइनों में लगाती है। अब लोगों को घरेलू सिलेंडर तथा राशन डिपो की लाइन में लगा दिया है। कहा कि कई एजेंसी वालों ने तो होम डिलीवरी सिलेंडर देने में भी धांधली कर रहे है। सिलेंडर बुक करवाने के बाद भी गैस सिलेंडर नहीं मिल रहे है। जब एजेंसी से वालों से पूछताछ की जाती है कि तो डिलीवर दिखाया जाता है। अब सिलेंडर कहां पर गायब हुआ इसका अंदाजा साफ लगाया जा सकता है। सिलेंडर बुक करने के बाद पहले दो या तीन दिन में ओटीपी मिल जाता था। अब ओटीपी आने के बाद भी 15 से 20 दिन बाद भी गैस सिलेंडर नहीं पहुंच रहा है। जो लोग सिलेंडर लेने शहर में जाते है तो उन्हें घंटों लाइन में लगना पड़ता है, गैस सिलेंडर मिलेगा या नहीं इसकी भी कोई तसल्ली नहीं है। यहीं हालात राशन डिपो के बने हुए है। लोग सुबह राशन डिपो के सामने लाइन लगाकर खड़े हो जाते है। यह लाइन शाम तक लगी रहती है। अगर किसानों को खाद-बीज की जरूरत होती है तो भी लाइन में लगना पड़ता है। अब अपनी फसल बेचने के लिए भी किसानों को लाइनों में लगना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने ऐसे हालात पैदा कर दिए है कि लोगों को अपना कामकाज छोडक़र लाइन में लगना पड़ रहा है। जनता का मोह भाजपा से भंग हो चुका है। आने वाले समय में भाजपा को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

### प्रजातंत्र को खत्म करना चाहती है भाजपा : बीरेंद्र

**उचाना।** कांग्रेस नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह उचाना पहुंचे। यहां पर कार्यकर्ताओं से वो रूबरू हुए। बीरेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा बंगाल के चुनाव धांधली कर सकती है। न्याय पालिका को इन बातों को सोचना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि जो केस पेंडिंग है वोट लिस्ट में नहीं आए है उनको वोट पर अधिकार नहीं होगा। 70 लाखों को वोट से वंचित कर दिया। सरकार को चाहिए कि वो हर आदमी को बुला कर कहे कि वोट डालो। भाजपा उल्टा कर रही है कि आपको वोट बनवाना है तो हमारे पास आओ। बंगाल में हर तरीके से धांधली कर रहे है, अथोरिटी का इतना दुरूपयोग कर रहे है। देश आज उस तरफ जा रहे है जो एक ही पार्टी, एक ही आदमी इस तरह की प्रथा के प्रतीक बनते जा रहे है। प्रजातंत्र बचाने के लिए लड़ाई होगी। प्रबुद्ध व्यक्ति ही नहीं बल्कि साधारण लोग मैदान में आएंगे।

## सरकारी कर्मचारियों के समान सारी सुविधाएं नहीं दे रही सरकार : संधू

■ 21 को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करेंगे रिटायर्ड कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। रिटार्यड कर्मचारी बैठक में रणनीति बनाते हुए। फोटो :हरिभूमि

मंगलवार को अक्षर भवन शिव कालोनी जींद में रिटायर्ड कर्मचारी संघ की ब्लाक कार्यकारिणी जींद की बैठक कर्मबीर सिंह संधू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसका संचालन ब्लाक सचिव महेंद्र सिंह बिश्नोई ने किया। बैठक में रामफल दलाल मुख्य सलाहकार, जिला प्रधान विक्रम सिंह, राजकुमार श्योकंद सचिव रिटायर्ड कर्मचारी संघ जिला, जींद छाज्जू राम नैन उपप्रधान आजाद पांचाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजकरण शर्मा ब्लाक कैशियर राजेन्द्र सैनी संगठन सचिव जिला दिलबाग सिंह पटवारी सहसचिव राज्य कमेटी की ओर से छज्जूराम नैन व आजाद पांचाल बैठक ने उपस्थित रहे। कर्मबीर सिंह संधू ने कहा कि केंद्र सरकार आठवें वेतन आयोग में पारित वित्त विधेयक 2025 को वापस नहीं ले रही है और सरकारी कर्मचारियों के समान सारी सुविधाएं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी उपलब्ध नहीं करवा रही।

### तीन दिवसीय नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता हुई सम्पन्न

## लड़कों में त्रिपुरा, लड़कियों में राजस्थान की टीम चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना


कबड्डी में विजेता त्रिपुरा की टीम। फोटो :हरिभूमि


कबड्डी मैच में दमखम दिखाते हुए खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

कबड्डी फैडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित नेशनल कबड्डी में लड़कों में त्रिपुरा, लड़कियों में राजस्थान की टीम चैंपियन बनी। तीन दिवसीय प्रतियोगिता के अंतिम दिन देर रात तक फाइनल मुकाबले हुए। मुख्य अतिथि के तौर पर एशियन कबड्डी लीग के सीओ दुष्यंत पहुंचे। प्रतियोगिता में 21 राज्यों से 42 टीमें प्रतियोगिता में पहुंची थी। बाबा प्रेमनाथ खेल अकादमी के मैदान में चार मैदानों पर कबड्डी के मैच आयोजित हुए। फाइनल मुकाबला लडक़ों में त्रिपुरा का पंजाब की टीम के साथ हुआ। त्रिपुरा के खिलाड़ी शुरू से ही बेहतर खेलते पंजाब के खिलाड़ियों पर हावी नजर आए। इस मुकाबले को 15-3 से जीत कर त्रिपुरा की टीम चैंपियन बनी। लड़कियों के फाइनल में मुकाबला राजस्थान का हिमाचल के साथ हुआ। मुकाबला में राजस्थान की टीम 8 अंकों से जीती। लड़कों के सेमीफाइनल में पंजाब ने हरियाणा, त्रिपुरा ने यूपी को हरा फाइनल में जगह बनाई। लड़कियों के सेमीफाइनल में राजस्थान ने पंजाब, हिमाचल ने तमिलनाडु को हरा फाइनल में जगह बनाई। विभिन्न राज्यों के 500 से अधिक खिलाड़ियों ने तीन दिन तक जीत के लिए मैदान में पसीना बहाया। दुष्यंत ने कहा कि खेलों के माध्यम से युवा अपने सपनों को साकार कर सकते है। कबड्डी का खेल मिट्टी से जुड़ा खेल है। शिक्षा के साथ-साथ युवाओं को खेलों पर ध्यान देना चाहिए। युवा नशे से दूर रहे क्योंकि नशा शरीर को खोखला बना देता है। प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। इस तरह के आयोजनों से प्रतिभाओं को आगे आने के अवसर मिलते है। केएफआई टेक्निकल चेयरमैन महावीर, जयभगवान करसिंधु, सतीश डीपीई, प्रेम दबलैन, बलराज, कुलदीप करसिंधु, विक्रम सिंह, सतीश खटकड़, शेरा कबड्डी कोच, महावीर शास्त्री मौजूद रहे।


जींद। बच्चे कोर्फबाल के साथ खेलते हुए । फोटो :हरिभूमि

### खेल को लेकर नंदगढ़ के खिलाड़ियों में उत्साह

**जींद।** कोर्फबाल फेडरेशन आफ इंडिया (केएफआइ) ने 45 वर्ष पुराने कोर्फबाल खेल को पेशेवर बनाने की रूपरेखा पेश करते हुए कोर्फबाल प्रीमियर लीग की औपचारिक घोषणा की। इस दौरान केपीएल के नए का लोगो अनावरण किया गया। केपीएल भारत की पहली पेशेवर लीग होगी, जिसमें पुरुष और महिला खिलाड़ी बराबरी के साथ खेलेंगे। जीतने वाली टीम को 25 लाख रुपये का इनाम भी दिया जाएगा। उद्घाटन समारोह के दौरान पुरुष खिलाड़ियों में नितेश (पूर्व कप्तान), राजत कुमार सैनी और सूरज शर्मा व महिला खिलाड़ियों में अलिशा, तनिष्का गुर्जर और यूरी सेठी उपस्थित रहीं। हैंडबाल कोच अनिल ने कहा कि प्रतियोगिता को लेकर नंदगढ़ के खिलाड़ियों में भारी उत्साह है। उन्होंने कहा कि कोर्फबाल एक अनोखा खेल है जो तेजी से लोकप्रियता हासिल कर रहा है। इस खेल की खासियत यह है कि इसे पुरुष और महिला दोनों एक ही टीम में साथ खेलते हैं। इस खेल की शुरुआत 1902 में नीदरलैंड्स में हुई थी, जिसका उद्देश्य पुरुषों और महिलाओं को एक साथ खेलने का अवसर देना था। कोर्फबाल को बास्केटबाल और नेटबाल का मिश्रण है। खिलाड़ी एक खंभे पर लगे ऊंचे बास्केट (जिसे कोर्फ कहा जाता है) में गेंद फेंककर स्कोर करते हैं।

## आंबेडकर के विचारों को जीवन में अपनाकर समरस और सशक्त समाज का निर्माण करें

# रसीना में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि



पुण्डरी। डॉ. भीम राव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते विधायक सतपाल जाम्बा। फोटो : हरिभूमि

### विधायक सतपाल जाम्बा ने किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पुण्डरी

अशवनी खुराना भारत रत्न डॉ. भीम राव अम्बेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में ग्राम रसीना में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुंडरी के विधायक सतपाल जाम्बा ने बाबा साहेब की प्रतिमा की साफ-सफाई कर पुष्प अर्पित किए और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। विधायक ने उपस्थित लोगों के साथ मिलकर बाबा साहेब के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों में विशेष उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में शामिल हुए।

विधायक सतपाल जाम्बा ने अपने संबोधन में कहा बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने समाज को समानता, शिक्षा और न्याय का जो मार्ग दिखाया, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है। हमें उनके विचारों को अपने जीवन में अपनाकर एक समरस और सशक्त समाज का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, समर्पण और प्रेरणा का प्रतीक है। उनके द्वारा बनाए गए संविधान ने देश को एक मजबूत आधार प्रदान किया है, जिसके कारण आज हर व्यक्ति को समान अधिकार प्राप्त हैं। विधायक ने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाएं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के दिखाए मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

## आधुनिक भारत के निर्माता हैं बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर : रणदीप सुरजेवाला

- भारत में सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, शिक्षा, कानून आदि क्षेत्रों में उनके अतुलनीय योगदान रहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भारत के संविधान के निर्माता डॉ बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के प्रकटोत्सव पर सभी देश व प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी।

रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्व स्तर के भारतीय विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, समाज शास्त्री, मानवविज्ञानी, संविधानविद्, लेखक, दार्शनिक, इतिहासकार, धर्मशास्त्री, वकील, विचारक, शिक्षाविद, प्रोफ़ेसर, पत्रकार, संपादक, क्रांतिकारी, समाज सुधारक, भाषाविद, जलशास्त्री, स्वतंत्रता सेनानी, आनंदोलनकारी एवं दलित-शोषित नागरिक अधिकारों के संघर्ष के प्रमुख नेता थे और भारतीय संविधान के शिल्पकार भी हैं।

उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर बाबासाहेब के नाम से लोकप्रिय हैं। भारत देश के सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, शिक्षा, कानून आदि क्षेत्रों में उनके अतुलनीय योगदान रहे हैं इसलिए डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर को आधुनिक भारत का निर्माता भी कहा जाता है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने एक अर्थशास्त्री, समाजशास्त्री, शिक्षाविद् और कानून के जानकार के तौर पर आधुनिक भारत की नींव रखी थी। डॉ आंबेडकर की प्रेरणा से ही भारत का संविधान, वित्त आयोग की स्थापना, केन्द्रीय बैंक(आरबीआई) की स्थापना, दामोदर घाटी परियोजना, हीराकुंड परियोजना, सोन नदी परियोजना को स्थापित करना, भारत में रोजगार एक्सचेंज की



स्थापना, भारत में पानी और बिजली के ग्रिड सिस्टम की स्थापना में भी डॉ आंबेडकर का अहम योगदान माना जाता है। भारत को एक स्वतंत्र चुनाव आयोग भी डॉ. भीमराव आंबेडकर की ही देन है। सुरजेवाला ने कहा कि बाबा साहेब द्वारा चरितार्थ इस भारतवर्ष की प्रगति व उन्नति को बनाए रखने के लिए आपसी भाईचारा, आपसी प्रेमभाव व स्नेह से रहना चाहिए और हम सब एक हैं के वक्तव्य को सार्थक बनाना चाहिए।



पुण्डरी। डॉ. भीम राव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करती जिला सचिव निधि मोहन। फोटो : हरिभूमि

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब को दी श्रद्धांजलि

- डॉ. भीम राव आंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पुण्डरी

भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे क्षेत्र में हर बूथ स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

इसी क्रम में आज मंडल महामंत्री ऋषि वाल्मीकि के नेतृत्व में बूथ संख्या 76 पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें भाजपा की जिला सचिव निधि मोहन को सहभागिता करने एवं अपने विचार रखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। जिला सचिव, भाजपा, निधि मोहन ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष, शिक्षा और समानता का प्रतीक है। उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग को अधिकार दिलाने का कार्य किया और एक मजबूत, न्यायपूर्ण संविधान के माध्यम से देश को नई दिशा दी। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने बाबा साहब के आदर्शों को आत्मसात करने तथा समाज में समरसता और भाईचारे को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

साथ ही, गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी सफल, प्रेरणादायक एवं उत्साहवर्धक बना दिया। आज सुल्तान सिंह, राजेश चड्डा, रिंकू, रमेश, बलवंत गोलन, राजेश चौहान , डॉक्टर गोड्डा राम, कैलाश प्रधान, प्रेम पूर्व सरपंच, गुरमीत आदि मौजूद रहे।

## बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चलकर ही मजबूत होगा देश: रामचंद्र गुर्जर


हरिभूमि न्यूज ▸▸| ढांड



ढांड। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर डा. साहेब को श्रद्धांजलि देते हुए। फोटो : हरिभूमि

कांग्रेस कैथल जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ढांड ने डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती के पावन अवसर पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं आमजन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर एक महान विचारक, समाज सुधारक और संविधान निर्माता थे, जिन्होंने अपने पूरे जीवन में सामाजिक न्याय, समानता और मानव अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उनका जीवन और उनके विचार आज भी करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

उन्होंने कहा कि बाबासाहेब ने देश को केवल संविधान ही नहीं दिया, बल्कि एक ऐसा सशक्त और समावेशी भारत का सपना भी दिया, जिसकी नींव न्याय, समानता, स्वतंत्रता और भाईचारे जैसे मूल्यों पर आधारित है। उन्होंने जो मार्ग समाज को दिखाया, वह हमें एकजुटता, शिक्षा, अधिकारों के प्रति जागरूकता और सामाजिक समरसता की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। रामचंद्र गुर्जर ढांड ने आगे कहा कि भारत जैसे लोकतांत्रिक देश की मजबूती उसके संविधान और उसमें निहित मूल्यों से ही संभव है। ऐसे में हम सभी का कर्तव्य है कि हम बाबासाहेब के आदर्शों और उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए संविधान की रक्षा के लिए सदैव सजग और प्रतिबद्ध रहें। उन्होंने दृढ़ संकल्प व्यक्त करते हुए कहा कि वे और उनकी पार्टी संविधान एवं बाबासाहेब के विचारों की रक्षा के लिए पूरी शक्ति के साथ, अंतिम सांस तक संघर्ष करते रहेंगे।



कैथल। आईटीआई में डा. आंबेडकर जयंती मनाते स्टाफ सदस्य।

### आंबेडकर के दिखाए मार्ग पर चलें: सतीश मच्छाल

कैथल। राजकीय आईटीआई कैथल के सभागार में भारत रत्न डॉ भीमराव आंबेडकर जयंती समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम में बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए गए। प्रधानाचार्य एवं जिला नोडल अधिकारी कैथल सतीश मच्छाल ने कहा कि बाबा साहब के जीवन से प्रेरणा लेते हुए हमें अच्छा दिखने के लिए नहीं बल्कि अच्छा बनने के लिए व समाज में रचनात्मक परिवर्तन के लिए अपने आप को तैयार रखना चाहिए ताकि हमारा देश एक विकसित राष्ट्र के रूप में विश्व शक्ति बनकर उभर सके। हम सभी का दायित्व बनता है कि हम देश के विकास की आहुति में अपना योगदान दें। कार्यक्रम में खंड युवा अधिकारी सीवन सतीश सैणी, सुदेश देवी, अनिल ढुल, रणधीर ढांडा, शमशेर सिंह वर्ग अनुदेशक, प्रदीप क्लर्क, रोहित,उमेश धीमान, नवीन कालिया, संदीप, सलिंन्द्र, जोगिन्द्र एनसीसी अधिकारी उपस्थित रहे।

## डा. साहब ने देश के प्रत्येक नागरिक के हित के लिए कार्य किया : दलबीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर सभा, लक्ष्मी विहार कालोनी, खुराना रोड़, वार्ड न० 5 कैथल की ओर से संविधान निर्माता भारत रत्न डा. भीमराव अम्बेडकर जी के 135 वां जन्मोत्सव पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता सभा के प्रधान दलबीर राठी द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करके किया गया। दलबीर राठी ने बताया कि बाबा साहब किसी एक जाति के न होकर समस्त जाति व धर्म के लोगों के आदर्श रहे हैं और इन्होंने सर्व समाज व देश के प्रत्येक नागरिक के हित के लिए कार्य किया। हम अम्बेडकरवादी विचारधारा व सोच को समस्त देशवासियों में प्रचार प्रसार करें ताकि सभी लोग संविधान व कानून के अनुसार चलें और देश हित में



कैथल। खुराना रोड़ कैथल पर बाबा साहब को पुष्पार्पित करते समाज के लोग।

कार्य करें। सभी लोगों ने बाबा साहब के द्वारा रचित संविधान की रक्षा करनी चाहिए यदि कोई भी सांप्रदायिक ताकत संविधान के खिलाफ कार्य करें तो उसको मुंहतोड़ जवाब दें। आज के सफल कार्यक्रम के लिए सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी। बाबा साहब के मूल मंत्र /"शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो /" पर अमल करके चलना चाहिए और बिना खून ख़राबे के व बिना किसी की हिंसा के अपने अधिकारों को हासिल करना चाहिए। आज उस महामानव को नमन करते हैं कि जिन्होंने हमें समानता, न्याय व आत्म सम्मान का मार्ग दिखाया। इस अवसर पर झांकी के साथ शोभा यात्रा निकाली गई।

**ये रहे मौजूद**

रोशन लाल, पाला राम, गजे सिंह, रामबीर सिंह, पाला राम भान, बलवान सिंह, तिलक राज, राजकुमार, इन्द्र सिंह, रत्न सिंह, प्रसन्ना राम,धोला राम, राजरानी, अंगूरी देवी,राजकली भाटिया नगर पार्षद, कमला दयोहरा, रानी देवी,रमेश कुमार, रघुबीर सिंह, धर्मपाल फौजी आदि मौजूद रहे।

### जेंडर सेंसिटिविटी पर क्षमता निर्माण पर किया कार्यक्रम का आयोजन



कैथल। एमडीएन ग्लोबल स्कूल, कैथल में जेंडर सेंसिटिविटी विषय पर एक प्रभावशाली क्षमता निर्माण कार्यक्रम (केपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों में लैंगिक समानता, संवेदनशीलता एवं समावेशी शिक्षण वातावरण के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। इस प्रशिक्षण में एमडीएन ग्लोबल स्कूल के अतिरिक्त रेनबो मॉन्टेसरी स्कूल हाबड़ी, इंदिरा गांधी पब्लिक स्कूल कैथल तथा शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल कैथल के शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। दीप प्रज्ज्वलन निदेशक डॉ. विनोद कुमार, चेयरपर्सन निधि कंसल, मैनेजर गौरव गर्ग, प्राचार्य डॉ. संत कौशिक तथा रिसोर्स पर्सन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इसके उपरांत शिक्षकों एवं प्रबंधन द्वारा रिसोर्स पर्सन का तिलक,बैज एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर भव्य स्वागत किया गया कार्यक्रम में सरस्वती वंदना के साथ औपचारिक शुरुआत हुई। निदेशक डॉ. विनोद कुमार ने सभी प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालयों में जेंडर सेंसिटिविटी का वातावरण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।

### सिग्नस अस्पताल की मार्फत पुलिस को वितरित की फर्स्ट एड किट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

आपात स्थितियों में त्वरित राहत उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से सिग्नस अस्पताल कैथल की ओर से एक सराहनीय पहल करते हुए जिला पुलिस को फर्स्ट एड किट वितरित की गई। इस दौरान सिग्नस अस्पताल की टीम द्वारा सभी डायल-112 गाड़ियों, पुलिस राइडर्स तथा विभिन्न थाना प्रभारियों की गाड़ियों को फर्स्ट एड किट उपलब्ध करवाई गई, ताकि किसी भी दुर्घटना या आपात स्थिति में पुलिस कर्मी मौके पर ही प्राथमिक उपचार दे सकें। कार्यक्रम के दौरान डीएसपी गुरविंद्र सिंह मौजूद रहे। उन्होंने सिग्नस अस्पताल की इस पहल की



सराहना करते हुए कहा कि फर्स्ट एड किट से लैस पुलिस वाहन आमजन की मदद में और अधिक सक्षम बनेंगे तथा सड़क दुर्घटनाओं या अन्य आपात हालात में घायल व्यक्तियों को तुरंत राहत मिल सकेगी। सिग्नस अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि उनका उद्देश्य समाज सेवा के साथ-साथ आपातकालीन स्थितियों में जीवन बचाने के प्रयासों को मजबूती देना है।

### जिन्दल हाउस में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए



कैथल। जिन्दल हाउस, कैथल में आज डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल की टीम और उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर कैथल कार्यालय प्रभारी रविन्द्र धीमान ने डॉ. आंबेडकर के जीवन, उनके संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहेब ने शिक्षा को माध्यम बनाकर वंचितों और शोषितों को न्याय दिलाने का काम किया है। उनके विचार आज भी समाज को सही दिशा देने में मार्गदर्शक का कार्य कर रहे हैं। इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने संकल्प लिया कि वे डॉ. आंबेडकर की शिक्षाओं और उनके बताए मार्ग पर चलते हुए समाज में समानता, न्याय और भाईचारे की भावना को मजबूत करेंगे तथा देश के विकास में सक्रिय योगदान देंगे।

### रक्तदान शिविर का आयोजन कर किया डॉ. आंबेडकर को याद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजौंद

श्री गुरु रविदास आश्रम में आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस दौरान कुल 78 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए बेहद उपयोगी रहेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उचाना हलका के विधायक एवं कलायत विधानसभा के प्रभारी देवेंद्र अत्री ने शिरकत की। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और इससे कई जरूरतमंद लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने युवाओं से भी अधिक से अधिक रक्तदान करने की अपील की।



शिविर के दौरान जिला रेड क्रॉस समिति की टीम ने रक्त संग्रहण की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया। आश्रम कमेटी के सदस्यों द्वारा सभी रक्तदाताओं को बैज और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## राजौंद में बैसाखी का पर्व श्रद्धा व उत्साह से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजौंद

क्षेत्र में बैसाखी का पर्व बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कैथल रोड स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में इस अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे परिसर में धार्मिक माहौल बना रहा। गुरुद्वारा सिंह सभा के प्रधान मनप्रीत सिंह, अमनदीप सिंह, गुरमुख सिंह, सुखदेव सिंह, भूपेंद्र सिंह तथा ग्रंथी अवतार सिंह ने बताया कि बैसाखी का पर्व नई फसल, समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक है। यह पर्व हर वर्ष श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि बैसाखी का विशेष धार्मिक महत्व भी है।

सिख धर्म में इसी दिन गुरु गोबिंद सिंह जी ने 1699 में खालसा पंथ की स्थापना की थी, जिसके कारण यह दिन और भी पावन माना जाता है। इसके साथ ही यह किसानों के लिए नई फसल के आगमन की खुशी का पर्व भी है, इसलिए इसे पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है।इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारे में माथा टेककर देश और समाज की खुशहाली की कामना की तथा सामूहिक रूप से इस पावन पर्व की खुशियां मनाईं।

**महाराजा सूरजमल केवल एक महान योद्धा ही नहीं, बल्कि एक कुशल शासक और समाज को एकजुट रखने वाले प्रेरणास्त्रोत थे**

# अंतरराष्ट्रीय जाट दिवस के पावन अवसर पर अजय योद्धा महाराजा सूरजमल की प्रतिमा का अनावरण समारोह मनाया

- समाज की एकता, भाईचारे व प्रगति के लिए कार्य करने का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

कैथल के तितरम मोड़ पर अंतर्राष्ट्रीय जाट दिवस के पावन अवसर पर अजय योद्धा महाराजा सूरजमल की भव्य प्रतिमा का अनावरण समारोह बड़े उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ।

इस ऐतिहासिक अवसर पर क्षेत्र के सर्व समाज के गणमान्य व्यक्ति, सामाजिक युवा क्रांतिकारी संगठन के प्रतिनिधि, युवा साथियों एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण के साथ की गई, जिसके बाद मंचासीन अतिथियों ने महाराजा सूरजमल के वीरता, दूरदर्शिता और समाज के प्रति उनके योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि महाराजा सूरजमल केवल एक महान योद्धा ही नहीं, बल्कि एक कुशल शासक और समाज को एकजुट रखने वाले प्रेरणास्त्रोत भी थे। उनकी नीतियां और आदर्श आज भी समाज के



कैथल। अजय योद्धा महाराजा सूरजमल की भव्य प्रतिमा का अनावरण समारोह पर समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

लिए मार्गदर्शक हैं। इस प्रतिमा अनावरण से क्षेत्र में ऐतिहासिक और सामाजिक चेतना को नई ऊर्जा मिलेगी तथा युवाओं को अपने गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेने का अवसर प्राप्त होगा।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने महाराजा सूरजमल जी के पदचिन्हों पर चलने और समाज की एकता, भाईचारे व प्रगति के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

**ये रहे मौजूद**

क्रांतिकारी युवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गुरदीप ढांडा ,प्रदेश महासचिव बलविंदर ग्यौग, प्रदेश मीडिया प्रभारी सोनू बैनीवाल, जादूगर सम्राट संयोजक कला संस्कृति हरियाणा, अजय बैनीवाल चढता हरियाणा, अनूप ढांडा, संदीप महिपाल चौशाला,सुरेश सिरोही, मनोज चहल, सुखविंदर सरपंच, राजेश देवबन, सुरेंद्र सैन, व सर्व सम्मानित समाज के लोग उपस्थित रहे

## खबर संक्षेप



### राजौंद में बंदरों के आतंक से लोगों को राहत नहीं

**राजौंद।** शहर चुने हुए में इन दिनों बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। गलियों, छतों और बाजारों में झुंड के रूप में घूम रहे बंदर लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बंदर आए दिन घरों में घुसकर खाने-पीने का सामान उठा ले जाते हैं और बच्चों व बुजुर्गों को डराकर नुकसान पहुंचा रहे हैं। क्षेत्र में कई जगहों पर बंदरों के झुंड दीवारों और छतों पर बैठे नजर आते हैं। राह चलते लोगों से सामान छीनने और काटने-खरोंचने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं।

### गांव फल में हुई मारपीट में एक घायल, केस दर्ज

**कैथल।** कैथल के गांव फल में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव फरल के अमित ने बताया कि 11 अप्रैल को जब वह गांव से जा रहा था तो गांव के ही राजेंद्र, जसविंदर तथा धर्मवीर ने मिलकर लाठी और गंडासियों से हमला करते हुए उसे घायल कर दिया। बाद में सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कैथल से युवती बिना बताए हुई लापता

**कैथल।** कैथल शहर से एक युवती बिना बताए घर से लापता हो गई। कैथल की एक महिला ने थाना शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 11 अप्रैल को बाद दोपहर 3:00 बजे उसकी 19 वर्षीय बेटी किसी काम से घर से गई थी लेकिन वह वापस नहीं लौटी। उन्होंने उसके आसपास काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। मामले के जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक जयपाल ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एजेंसियों ने खरीदा 2.9 लाख 430 मीट्रिक टन गेहूं

**कैथल।** जिला में विभिन्न एजेंसियों द्वारा गत दिवस सोमवार तक कुल दो लाख 9 हजार 430 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद गई है। जिले में गेहूं की कुल आवक में से 88 हजार 197 मीट्रिक टन गेहूं खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा, 74 हजार 78 हैफेड द्वारा तथा 47 हजार 155 मीट्रिक टन गेहूं हरियाणा वेयरहाउसिंग कोर्पोरेशन द्वारा खरीदा गया है।

### विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत, पति गिरफ्तार

**कैथल।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में थाना सिविल लाइन पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की बिहार के जिला खगड़िया निवासी रामबली, जो वर्तमान में शक्ति नगर कैथल में किराये पर रहते हैं, ने शिकायत दी थी कि उनकी बेटी पूजा की शादी करीब चार वर्ष पहले कमालपुर निवासी सागर के साथ हुई थी।

## गांव रसीदां, धमतान साहिब तथा लोहचब में एक साथ दी अमले ने दस्तक

# नशा तस्करी को लेकर जिला पुलिस ने चलाया सर्च अभियान

**दो घंटे चला सर्च अभियान, बिजली चोरी के चार मामले पकड़े**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला पुलिस ने मंगलवार को अल सुबह गांव धमतान साहिब, रसीदा तथा लोहचब मे नशा तस्करो की धरकपड़ के लिए छापेमारी की। सदिग्ध घरो मे सर्च अभियान भी चलाया। छापेमारी के दौरान बिजली निगम की टीम भी साथ रही। जिसने चार मकानो मे चोरी पकडी। छापेमारी के दौरान कोई नशीला पदार्थ नही मिला। नशे के खिलाफ की गई कार्रवाई के दौरान भारी सख्या मे पुलिस बल मौजूद रहा।

नरवाना के डीएसपी कमलदीप राणा के नेतृत्व मे मगंलवार अल सुबह भारी सख्या मे पुलिस बल तथा बिजली निगम की टी के साथ गांव धमतान साहिब तथा रसीदां मे दस्तक दी।

पुलिस ने उन मकानो को टारगेट किया। जो नशा तस्करी मे शामिल रहे है। लगभग दो घंटे चले सर्च अभियान मे कोई नशा तस्कर तथा आपत्तिजन तो नही मिला, लेकिन चार मकानो मे बिजली चोरी जरूर पकड़ी गई। एसपी कुलदीप सिह ने साफ कहा कि नशा तस्करी में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। नशा रोकने के लिए लोगो को भी जागरूक किया जा रहा है। जिले को नशा मुक्त करने के लिए कारगर कदम उठाए जा रहे है। पुलिस की यह मुहिम लगातार जारी रहेगी। उन्होने लोगो से अपील की वे नशे जुडे लोगो की जानकार पुलिस को दे। तुंरत कार्रवाई कार्रवाई की जाएगी।



जींद। नरवाना के गांवों में पुलिस सर्च अभियान के तहत नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### इन थानों से कार्रवाई में शामिल हुए पुलिसकर्मी

नरवाना सब डिवीजन सीआईए स्टाफ नरवाना, थाना गढ़ी, थाना शहर नरवाना, थाना सदर नरवाना, पुलिस चौकी धमतान साहिब, पुलिस चौकी दनौदा सहित बिजली विभाग की टीमों ने संयुक्त रूप से भाग लिया।

### लोहचब में भी दी दस्तक, डीएसपी सजय ने किया नेतृत्व

उचाना के डीएसपी संजय के नेतृत्व मे पुलिस अमले ने सुबह पांच बजे पुलिस बल के साथ गांव लोहचब मे दस्तक दी। पुलिस ने नशे के कारोबार से जुड़े कुछ घरो को टारगेट किया और दो घंटे तक सर्च अभियान चलाया। हालाकि सर्च अभियान के दौरान यंहा पर भी कोई नशीला पदार्थ नही मिला। पुलिस कार्रवाई मे सदर थाना, अलेवा थाना, सीआइए वन,उचाना थाना पुलिस शामिल हुई।



जींद। पोस्टमार्टम करवाने अस्पताल पहुंचे परिजन। फोटो: हरिभूमि

## दोस्तों के साथ हरिद्वार घूमने गया था

# तबीयत बिगड़ने से जींद लौटने पर युवक की मौत

- पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा
- विसरा रिपोर्ट आने के बाद होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कैथल रोड स्थित ईश्वर नगर निवासी युवक अंकुश अपने दोस्तों के साथ हरिद्वार घूमने गया था। वहां पर उसकी तबीयत खराब हो गई। जींद में आने के बाद भी उसकी तबीयत ज्यादा खराब हो गई। नागरिक अस्पताल में सोमवार को जब स्वजन उसे लेकर आए तो उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी। ईश्वर नगर निवासी मनीषा ने कहा कि उसका पति अंकुश अपने दोस्तों के साथ 11 अप्रैल को हरिद्वार घूमने गया था। 12 अप्रैल को उसकी ननद पल्ली के पास अंकुश के दोस्त सूरज का फोन आया कि अंकुश की तबीयत खराब हो गई है। उसे लेकर वह जींद आ रहे हैं। शाम को पांच बजे सूरज व राजेश ने अंकुश को पटियाला चौक पर एक अस्पताल में दाखिल करवा दिया।

यहां भी अंकुश को आराम नहीं हुआ। इसके बाद परिजन उसे घर ले गए। रात को फिर से अंकुश की तबीयत खराब हो गई। उसे सोमवार को नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### जांच की मांग

मनीषा ने पुलिस को शिकायत देकर कहा कि उसके पति की मौत के मामले की जांच की जाए। इस पर पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप। मृतक के विसरे को जांच के लिए लैबोरेट्री भेजा गया है। शहर थाना के जांच अधिकारी नरेंद्र खर्ब ने बताया कि मृतक के विसरे को जांच के लिए लेबोरेट्री भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

# आंगनबाड़ी में लगा स्कूल रेडीनेस मेला

- 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों में प्रारंभिक शिक्षा के प्रति रूचि विकसित करना मुख्य उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

करसिंधु, छात्तर, डूमरखा के आंगनबाड़ी केंद्र में स्कूल रैडीनैस मेले का आयोजन किया। इसका मुख्य उद्देश्य 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों में प्रारंभिक शिक्षा के प्रति रूचि विकसित करना, उनके सामाजिक एवं भाषा कौशल को मजबूत तथा उन्हें विद्यालयी वातावरण के लिए तैयार करना रहा। डूमरखा कलां में सरपंच राहुल, पंच सोनिया, खंड के डिविजनल को-ऑर्डिनेटर दिवेश दत्त, रेणू सुपरवाइजर, ब्लॉक समन्वयक अंजू व सभी आंगनबाड़ी वर्कर एवं हेल्पर, करसिंधु गांव में मुख्य अतिथि सरपंच रामचंद्र, पंच राममेहर, सुपरवाइजर उर्मिला, ब्लॉक समन्वयक अंजू मौजूद रही।



उचाना। रेडीनेस मेले में भाग लेते बच्चे। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

छातर गांव में मुख्य अतिथि अध्यापक राजेश कुमार, ब्लॉक समन्वयक अंजू एवं गांव की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रही। मेले में सभी को बताया 3 से 6 वर्ष के बच्चे को आंगनबाड़ी प्ले स्कूल मे दाखिला करवा कर भेजना शुरू करें ताकि बच्चा खेल-खेल में शिक्षा प्रदान कर सकें।

# सरकार पर गेहूं खरीद की तैयारी न करने के आरोप

- कांग्रेस विधायक ने कलायत अनाज मंडी का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कांग्रेस विधायक विकास सहारण ने कहा कि सरकार बगैर तैयारी के गेहूं खरीद करने का प्रयास कर रही है। इन हालातों में व्यवस्था पूरी तरह होचपोच है। न पोर्टल चल रहा, न फसल डालने के लिए जगह, न फसल खरीदी जा रही, न बारदाना है व न ही किसानों को बुनियादी सुविधाएं दी जा रही हैं। यही वजह है कि समस्याओं को लेकर किसानों को सडक़ों पर उतरना पड़ रहा है। विकास सहारण मंगलवार को कलायत अनाज मंडी का दौरा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं, किसान, मजदूर व व्यापारियों की मौजूदगी में मंडी में खरीद व्यवस्था की ग्राउंड रिपोर्ट ली। विधायक ने कहा कि हैरानी का विषय है कि अभी तक अधिकारी यह साफ नहीं कर पा रहे कि 20 एकड़ से अधिक की फसल लेकर आने वाले किसानों की औपचारिकताएं कैसे पूरी होंगी? फसल न बिकने के कारण किसान कई-कई दिनों से मंडियों एवं खरीद केंद्रों पर डेरा डाले रहने पर विवश हैं। इससे जाहिर है कि फसल खरीदने के नाम पर जिन हाईटैक प्रबंधों का दावा किया जा रहा है वह कागजी हैं।



कलायत। कलायत अनाज मंडी में गेहूं खरीद व्यवस्था का जायजा लेते विधायक विकास सहारण। फोटो: हरिभूमि

### अव्यवस्थाएं

विकास सहारण ने कहा कि हिसार से कांग्रेस सांसद जयप्रकाश ने कलायत अनाज मंडी के विस्तार के लिए भरसक प्रयास किए। अतिरिक्त मंडी के लिए जगह देने के लिए भी किसान तैयार हो गए थे। मौजूदा सरकार नहीं चाहती थी कि अतिरिक्त मंडी बने। इसलिए यह योजना भाजपा की नीतियों के चलते कागजों में दम तोड़ गई। यही हालात शिक्षा, चिकित्सा, सिंचाई, सडक़, पेयजल, सीवरेज व अन्य व्यवस्थाओं का है। अस्पताल को डाक्टरों की जरूरत है तो स्कूल को भवन व मास्टर नहीं मिल रहे। सीवरेज का पानी लाइन की बजाए गलियों व घरों में दस्तक दे रहा है। ग्रामीण अंचल की सडक़ों की स्थिति नाजुक है।

# युवा दिखा रहे मानव सेवा की मिसाल : हर्ष

- दूसरों के जीवन को बचाने में अपनी भूमिका निभाएं युवा
- भाजपा के जिला सचिव हर्ष सेठी ने लगाया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

क्षेत्र में लगातार रक्तदान शिविर किए जा रहे हैं। भाजपा के जिला सचिव हर्ष सेठी ने एक शिविर में स्वयं रक्तदान कर लोगों को प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्तदान न केवल एक महान कार्य है, बल्कि यह किसी जरूरतमंद के लिए जीवनदान साबित होता है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में बढ़ती बीमारियों और दुर्घटनाओं के चलते रक्त की आवश्यकता लगातार बनी रहती है, ऐसे में प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को आगे आकर नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से शरीर पर किसी प्रकार का नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता, बल्कि इससे शरीर में नई ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सामाजिक जिम्मेदारी को समझते हुए रक्तदान जैसे पुण्य कार्यों में बढ़-चढक़र भाग लें और दूसरों के जीवन को बचाने में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविरों का आयोजन समय-समय पर किया जाना चाहिए, ताकि रक्त की कमी को दूर किया जा सके और किसी भी आपात स्थिति में मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि समाज में रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करना बेहद जरूरी है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस नेक कार्य से जुड़ सकें।




पूंडरी। शिविर के दौरान हर्ष सेठी को प्रमाण पत्र भेंट करती साधना बख्शी।

# डॉ. धर्मदेव बने मुख्य संरक्षक

- हिंदी प्रेरक संस्था कार्यकारिणी बड़ा कवि सम्मेलन करवाएंगी : डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सुप्रसिद्ध शिक्षा विद तथा साहित्यकार तथा हरियाणा साहित्य और संस्कृति अकादमी के निदेशक डॉ धर्मदेव विद्यार्थी को हिंदी प्रेरक संस्था जींद का मुख्य संरक्षक तथा पंडित रामकुमार अलेवा को अध्यक्ष श्री रमेश धारीवाल को महासचिव चुना गया है तथा मनोज वशं को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। हिंदी प्रेरक संस्था जीद की जनरल मीटिंग में आगामी 2 वर्ष के लिए इस कार्य कारिणी का गठन किया गया। कार्य करने में निर्णय लिया गया की हिंदी भवन का नवीनीकरण करके उसमें पुस्तकालय की स्थापना की जाएगी



जींद। हिंदी प्रेरक संस्था की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी। फोटो: हरिभूमि

### कार्यकारिणी ने लिए कई खास निर्णय

नवनिर्वाचित अध्यक्ष पंडित रामकुमार ने यह भी घोषणा की की साहित्यकारों की एक साहित्य गोष्टी प्रतिमा हुआ करेगी जिससे नए कवियों और साहित्यकारों को अपनी रचनाएं प्रस्तुत करने का मौका मिलता रहेगा। कार्यकारिणी ने यह भी निर्णय लिया कि वर्ष में एक बार बड़ा कवि सम्मेलन किया जाएगा।

### ऑनलाइन धोखाधड़ी से सतर्क रहें : अपराजिता

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर धोखाधड़ी के मामले सामने आ रहे हैं। बैंकिंग धोखाधड़ी, यूपीआई फिशिंग, फेक लिंक और अन्य ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए आमजन को सतर्क रहने की जरूरत है। किसी भी अनजान कॉल, संदिग्ध लिंक या बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। किसी भी तरह की ऑनलाइन धोखाधड़ी या साइबर क्राइम की घटना होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर सूचना दें। क्योंकि साइबर धोखाधड़ी के मामलों में जितना जल्दी सूचना पुलिस व अन्य संबंधित एजेंसियों तक पहुंचती है साइबर अपराध को रोकने की संभावना उतना ज्यादा होती है। उन्होंने बताया कि साइबर अपराध की शिकायत करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा वेबसाइट और 1930 साइबर हेल्पलाइन उपलब्ध करवाई गई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुडा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## शिकायत में अधिकारियों और ठेकेदार की मिलीभगत से करोड़ों रुपये के गड़बड़झाले के गंभीर आरोप लगाए

# चीका में नाला निर्माण घोटाला : 2 माह बाद भी जांच अधर में

- मामले की जांच में देरी से लग रहा सवालिया निशान
- नाले का निर्माण जमीन पर नहीं हुआ, लेकिन कागजों में पूरा दिखाकर किया गया घोटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

चीका नगर पालिका में नाले के निर्माण को लेकर सामने आया कथित घोटाले का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। वार्ड नंबर 6 निवासी संभालू जिंदल द्वारा शहरी स्थानीय निकाय विभाग, पंचकूला और जिला नगर आयुक्त कैथल को दी गई शिकायत में अधिकारियों और ठेकेदार की मिलीभगत से करोड़ों रुपये के गड़बड़झाले के गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

### आदेश के बावजूद 2 माह में भी नहीं हुई जांच

शिकायतकर्ता के अनुसार, 29 जनवरी 2026 को महानिदेशक, शहरी स्थानीय निकाय को ईमेल के माध्यम से शिकायत भेजी गई थी। इसके बाद विभाग ने डीएमसी कैथल को जांच के निर्देश जारी किए। 11 फरवरी 2026 को पत्र क्रमांक 1566 के तहत नगर पालिका सचिव को 7 दिनों के भीतर जांच कर रिपोर्ट भेजने के स्पष्ट आदेश दिए गए थे। इसके बावजूद करीब दो महीने बीत जाने के बाद भी न तो मौके पर जांच की गई और न ही कोई रिपोर्ट सामने आई है।

### शिकायत वापस लेने को दबाव डालने का आरोप

शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि मामला उठाने के बाद उन पर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है। इस आरोप ने प्रशासन की निष्पक्षता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### नाले की पैमाइश और वीडियोग्राफी की मांग

संभालू जिंदल ने मांग की है कि नाले की पैमाइश उनकी मौजूदगी में करवाई जाए और पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जाए। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने वीडियोग्राफी का खर्च स्वयं वहन करने की भी पेशकश की है।

### कमी मिली तो पूरा करवाएंगे कार्य

नगर पालिका सचिव जितेंद्र शर्मा ने बताया कि डीएमसी कार्यालय कैथल से शिकायत प्राप्त हुई है और जांच के लिए जेई खुशी राम को सौंप दी गई है। वहीं, जेई खुशी राम का कहना है कि नियमों के अनुसार पैमाइश कर भुगतान किया गया है। उन्होंने कहा कि दो दिन बाद शिकायतकर्ता को टेंडर के नियम और संबंधित दस्तावेज दिखाकर पुनः पैमाइश करवाई जाएगी। साथ ही यदि ठेकेदार द्वारा किए गए कार्य में कोई कमी पाई जाती है तो उसे पूरा करवाया जाएगा।

### जेई व एमई के खिलाफ एफआईआर की मांग

मामले में नगर पालिका के जेई खुशी राम और एमई राजेश कुमार पर सीधे आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता ने दोनों अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के साथ-साथ जांच को प्रभावित करने वाले अन्य अधिकारियों पर भी सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### अधिकारियों पर मिलीभगत के आरोप

*संभालू जिंदल का आरोप है कि नगर पालिका सचिव जितेंद्र शर्मा सहित अन्य अधिकारी जानबूझकर जांच को दबा रहे हैं। उनका कहना है कि नाले का निर्माण जमीन पर नहीं हुआ, लेकिन कागजों में पूरा दिखाकर ठेकेदार के साथ मिलकर फर्जी बिल बनाकर भुगतान कर दिया गया। शिकायतकर्ता का दावा है कि यदि निष्पक्ष जांच होती है तो बड़े स्तर पर घोटाले का खुलासा हो सकता है।*